कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी भूमि संरक्षण वनप्रभाग,लैन्सडौन।

Tel/ Fax:- 01386-263144, 262322 e-mail:dfo_soillansdowne@rediffmail.com

पत्रांकः– 1696 /12-/ दिनांक,लैन्सडौन,जून 15 ,2015

सेवा मे,

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0
कोटद्वार (गढवाल)

विषयः– **प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत जनपद पौडी गढवाल के अन्तर्गत कि0मी0 57 टी 02 (ओ0डी0आर0) से मजोखी एम0आर0 सिविल वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन**

संदर्भः– **आपका पत्रांक 1421/वन भूमि दिनांक 04.06.2015**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में आपके द्वारा उक्त विषयक वन भूमि प्रस्ताव की चार प्रति (हार्ड कापी) इस कार्यालय को प्रेषित किये गये है। प्रस्ताव का परिक्षण उपरान्त पाया गया कि प्रस्ताव राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप तैयार नही किया गया है। जिनमें निम्न कमियां पाई गई है।

1. प्रस्ताव के विषय सूची में पृष्ठ संख्या अंकित नही है।
2. प्रभावित होने वाले वृक्षों का वैज्ञानिक नाम अंकित नही हे। सम्बन्धित क्षेत्र के रेंज अधिकारी से सर्म्पक कर प्राप्त करें।
3. उप खण्ड स्तरीय समिति में सम्बन्धित क्षेत्र के उप प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नही है।
4. प्रस्ताव में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण स्थल उपयुक्ता प्रमाण पत्र (प्रपत्र 42) चिन्हित सिविल सोयम भूमि ग्राम मजोखी लिखा गया है। जबकि जिलाधिकारी द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल हेतु ग्राम खरीक पटटी विचला ढागू सिविल भूमि वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरण किया जाना प्रस्ताव है।
5. प्रस्ताव में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण प्राक्कलन 4.9है0 का आंकलन किया गया है। जबकि 9.80है0 भूमि का प्राक्कलन का आंकलन किया जाना था। सम्बन्धित रेंज अधिकारी / उप प्रभागीय वनाधिकारी से तैयार कर संलग्न करें।
6. प्रस्ताव में मलवा निस्तारण का प्राक्कलन संलग्न नही है।
7. एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन नही है।
8. परियोजना निर्माण हेतु पातन किये जाने वाले वृक्षों के एवज में 10 गुना पौधों का वृक्षारोपण प्राक्कलन संलग्न करें।

उपरोक्त कमियों का निस्तारण कर प्रस्ताव इस कार्यालय को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नः– वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव 04 प्रति एंव सी0डी0 सहित

भवदीय,

(जी0 सोनार)
वन संरक्षक/उप वन संरक्षक
भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैन्सडौन।

पत्रांक 1696/12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्द्रानगर फोरेस्ट कलोनी देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी पौडी गढवाल को सूचनार्थ प्रेषित।

o/c

(जी0 सोनार)
वन संरक्षक/उप वन संरक्षक
भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैन्सडौन।